सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 182 | इंदौर, गुरुवार 16 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सीएम मोहन और केंद्रीय मंत्री शिवराज ने विदिशा को दी करोड़ों की सौगात

### नगर निगम बनाने का किया एलान




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह और मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को विदिशा में रोड शो किया। साथ ही 177.53 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण भी किया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विदिशा की जनता ने अभूतपूर्व स्वागत किया, जो कुछ मांगा वो आज विदिशा की जनता को दिया है। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मध्यप्रदेश को 8 लाख 21 हजार 190 प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे। गरीबों के इन घरों के निर्माण की स्वीकृति का पत्र मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपा गया है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद और उनके नेतृत्व की देन है। सीएम यादव ने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि विदिशा वह जिला है जहां स्वर्गीय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर हमारे कई बड़े-बड़े हस्तियां, जिनमें हमारे शिवराज जी हैं, जिन्होंने 1991 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा और लगातार इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया। केंद्रीय मंत्री की पारी खेलने के बाद फिर एक बार भारत सरकार के कृषि मंत्री बनकर ग्रामीण आवास विकास का काम भी उनके पास है। आज विदिशा को पुनः एक नई सौगात मिली है। 8 लाख से ज्यादा ग्रामीण आवास का कोटा जनमन सहित कुल मिलाकर 14 लाख के आसपास का कोटा मध्यप्रदेश को मिला है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह एक बड़ी सौगात है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि शिवराज जी और मैं यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रतिबद्ध हैं। विकास के मामले में प्रदेश सदैव विदिशा को देखता है। कई सारे काम यहां हुए हैं। अब नगर निगम बनाने की बात आई है तो निश्चित विदिशा को नगर निगम बनाया जाएगा। जिला अस्पताल नगर निगम का भवन अदला-बदली का विषय आया है, उसे भी किया जाएगा। जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज का तालमेल भी किया जाएगा। कई प्रकार की सिंचाई योजनाओं से लेकर ऐसी बहुत सारी मांग हैं जिनकी मैंने यहां घोषणा की है।

# मध्यप्रदेश में बारिश का अलर्ट

## भोपाल, ग्वालियर समेत कई जिले प्रभावित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में इन दिनों जमकर ठंड पड़ रही है। इस बीच, अब बारिश होने की आशंका भी जताई जाने लगी है। ग्वालियर, भिंड, शिवपुरी और दतिया में बारिश हो सकती है। श्योपुर और मुरैना में आंधी चलने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग ने इसके लिए अलर्ट जारी कर दिया है।**

अगले 2 दिन भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत एमपी के आधे हिस्से में बारिश होने की संभावना है। बारिश के दौरान गरज-चमक की स्थिति भी बन सकती है। वहीं, 17 जनवरी से तेज ठंड का दौर फिर शुरू हो जाएगा। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण मौसम बदलेगा।

बुधवार को भी प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंड ने लोगों का कंपकंपाया। भोपाल में सुबह 10 बजे तक तेज धूप नहीं खिली। रीवा, मैहर, सतना, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली समेत 34 जिलों में कोहरा छाया रहा। दोपहर को हल्की धूप दिखी, जिससे तापमान में भी बढ़ोतरी दिखी। हालांकि रात होते-होते फिर ठंड तेज हो गई।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर बनी चार मौसम प्रणालियों के असर से हवाओं के साथ नमी आ रही है। बुधवार को प्रदेश में मैदानी क्षेत्र में सबसे कम 6.5 डिग्री सेल्सियस तापमान उमरिया में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

वहीं, 11 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम पर रहा। उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम (12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर पश्चिम से पूर्व की तरफ 287 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाओं का चलना) बना हुआ है।

### एशिया के दूसरे सबसे बड़े इस्कॉन मंदिर का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, बोले-

# भारत को समझने के लिए अध्यात्म ही रास्ता

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 जनवरी को एशिया के दूसरे सबसे बड़े इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। नवी मुंबई के खारघर में स्थित भगवान कृष्ण को समर्पित इस भव्य मंदिर का नाम श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर है। यह मंदिर 9 एकड़ में फैला एशिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर है। पीएम मोदी ने कहा, "मुझे विश्वास है कि ये मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को भी समृद्ध करने का एक पुण्य केंद्र बनेगा। मैं इस पुनीत कार्य के लिए इस्कॉन के सभी संतों और सदस्यों को और महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।"इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यदि भारत को समझना है तो हमे



पहले अध्यात्म को आत्मसात करना होता है। जो लोग दुनिया को केवल भौतिक दृष्टि से देखते हैं, उन्हें भारत भी अलग-अलग भाषा और प्रांतों का समूह नजर आता है। लेकिन जब आप इस सांस्कृतिक चेतना से अपनी-अपनी आत्मा को जोड़ते हैं, तब आपको भारत के विराट रूप के दर्शन होते हैं।उन्होंने आगे कहा, "हमारा भारत एक असाधारण और अद्भुत भूमि है। भारत केवल भौगोलिक सीमा में बंधा भूमि का एक टुकड़ा मात्र नहीं है, भारत एक जीवंत धरती है, एक जीवंत संस्कृति और परंपरा है और इस संस्कृति की चेतना है यहां का अध्यात्म। इसलिए यदि भारत को समझना है तो हमें पहले अध्यात्म को आत्मसात करना होता है।"

# संभागायुक्त ने जल जीवन मिशन अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

## समस्त समूह जल प्रदाय योजनाओं को समयसीमा में पूर्ण करने के दिये निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल निगम द्वारा क्रियान्वयन की जा रही समूह जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री मण्डल इंदौर एवं खरगौन तथा जल निगम के मुख्य महाप्रबंधक एवं इंदौर संभाग अंतर्गत म.प्र. जल निगम की समस्त पी.आई.यू के महाप्रबंधक उपस्थित थे।



संभागायुक्त द्वारा बैठक में जल निगम की समस्त समूह जल प्रदाय योजनाओं की ससमय पूर्णता के संबंध में समीक्षा की गयी। मुख्य महाप्रबंधक द्वारा संभाग अंतर्गत प्रगतिरत कुल 16 एवं संचालित कुल 4 समूह जल प्रदाय योजनाओं की जानकारी दी गयी। बताया गया कि समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से संभाग अंतर्गत कुल 6202 ग्रामों में से जल निगम द्वारा कुल 4642 ग्रामों को कवर किया गया है। तदोपरांत पीआईयू वार समस्त प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

संभागायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता हेतु मैदानी अमले द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जाये। रोड रेस्टोरेशन के कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। धीमी गति से प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजना विशेषकर धार जिले अंतर्गत प्रगतिरत लोअर नर्मदा, मान डेम एवं अपर नर्मदा समूह जल प्रदाय योजना की अत्यंत धीमी प्रगति पर असंतुष्टि जतायी गयी एवं निर्देशित किया गया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में समस्त योजनाओं के इंटेकवेल के निर्माण कार्य मय अप्रोच ब्रिज पूर्ण कर लिये जायें। निर्देशित किया गया कि समस्त मुख्य कार्य इंटेकवेल जल शोधन संयंत्र, मास्टर बेलैसिंग, रिजर्वायर, पंपिंग स्टेशन एवं उच्च स्तरीय टंकी जिनकी प्रगति संतोषप्रद नहीं है, पर विशेष ध्यान दिया जायें एवं प्राथमिकता से उपरोक्त अवयवों के कार्य पूर्ण कराये जाएं।

महाप्रबंधक पीआईयू इंदौर द्वारा अवगत कराया गया कि 15 फरवरी तक जल स्तर नीचे जाने के उपरांत योजनाओं के इंटेकवेल के कार्य पुनः प्रारंभ कर लिये जाएंगे। संभागायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि धार जिला जो कि फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्र है, में शोधित जल प्रदाय हेतु समस्त क्रीटिकल अवयव तय कर कार्य पूर्णता एवं जल प्रदाय प्रारंभ हेतु पूर्ण प्रयास किए जाएं।

झाबुआ जिले की माही समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत जल संसाधन विभाग से डेम निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण किये जाने हेतु सतत संपर्क में रहने हेतु निर्देशित किया गया। महाप्रबंधकों द्वारा वन विभाग की अनुमति एवं अन्य मैदानी समस्याओं के बारे में बैठक में अवगत कराया गया। बैठक में इंदौर जिले की शेष 41 योजनाओं को शीघ्र हेण्डओवर करने के निर्देश दिये गये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की शेष बसाहटों को धरती आबा मद अंतर्गत कार्ययोजना बनाकर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये।

# 42 सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगजनों के लिए हुए बाधारहित निर्माण

### जिला पंचायत में भी भी लिफ्ट हुई शुरू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में दिव्यांगजनों को सुगम एवं सुलभ वातावरण उपलब्ध कराने की दृष्टि से सार्वजनिक भवनों में बाधारहित वातावरण निर्मित किया जा रहा है। भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नई दिल्ली द्वारा इंदौर जिले के 42 सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित वातावरण यथा रेम्प, बाधारहित टायलेट, पेवरब्लॉक, ट्रेक्टाटाईल्स, ब्रेलसाइनेस, हेण्ड रेत, लिफ्ट इत्यादि के लिए 18 करोड से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। पीआईयू पीडब्ल्यूडी के माध्यम से सार्वजनिक भवनों को दिव्यांगजनों के अनुकुल बनाया जा रहा है। अभी हाल ही में जिला पंचायत इंदौर में लिफ्ट का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना संतोष मालवीय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री भारत सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति थे। जिले में सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत उषा राजे स्टेडियम, मेघदुत उपवन, चिडियाघर, जीएसआईटीएस कॉलेज, माता जीजाबाई गर्ल्स कॉलेज, अनुविभागीय अधिकारी हातोद, देपालपुर इत्यादि में भी दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित वातावरण निर्मित किया जा चुका है। शेष भवनों में भी तत्परता के साथ पीआईयू पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत सभी सार्वजनिक भवन शासकीय अशासकीय भवनों में दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित वातावरण उपलब्ध होना अनिवार्य है। जिले में किसी भी दिव्यांगजनों को कोई भी सार्वजनिक भवनों में आने जाने में कठिनाई उत्पन्न नहीं होना चाहिए।

# फीडर लाइन में लीकेज... 13 पानी की टंकियां भर नहीं पाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बुधवार को 13 पानी की टंकियां भर नहीं पाई। फीडर लाइन में लीकेज हो गया। अब इसे सुधारने के लिए ट्रैफिक को डायवर्ट करना पड़ेगा। इसके लिए सर्विस रोड के पास ही फीलिंग कर डायवर्सन बनाया जाएगा। जिसके बाद सुधार काम शुरू होगा।**



निगम के कार्यपालन यंत्री संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रालामंडल के समीप लीकेज की समस्या सामने आई है। जिसके कारण बुधवार को 13 टंकियों से पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। बायपास रालामंडल के पास फीडर लाइन में लीकेज की समस्या मिली है। वहां अंडर पास बन रहा है। इसके चलते ट्रैफिक मैन लेन के बजाय सर्विस रोड पर चल रहा है। सर्विस लेन पर काम करना है। इसलिए ट्रैफिक पुलिस से भी बात की गई, लेकिन हैवी ट्रैफिक को सिटी से निकालने में दिक्कत आ रही थी। इसलिए एनएचएआई के कांट्रेक्टर्स से बात की। वे सर्विस रोड के पास ही फिलिंग कर डायवर्शन बना रहे है। वहां पर ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। इसके बाद सर्विस रोड वाले हिस्से में टीम सुधार काम करेंगी। उम्मीद है कि शाम तक डायवर्सन का काम हो जाएगा। जिसके बाद गुरुवार को टीम सुबह से अपना काम शुरू कर सकेगी। उन्होंने बताया कि अलग-अलग फीडर से टंकियां भरी जाती है। अलग-अलग रूट बने हो जो आपस में जुड़े हैं। जहां ये लीकेज हुआ है उससे 28 टंकियां भरी जाती है। कुछ टंकियां तो भरा गई और 13 टंकियां खाली रह गई। जल्द ही सुधार काम कर सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

**ये टंकियां हुई प्रभावित-** सिलिकॉन सिटी, स्कीम नंबर 140, कृषि नगर, रेडियो कॉलोनी, भूरी टेकरी, मित्र बंधु नगर, सर्व सुविधा नगर, स्कीम नंबर 134, सांईकृपा, तपेश्वरी, समर पार्क, हारून कॉलोनी, खजराना टंकियां प्रभावित हुई।

### जैन समाज का बड़ा फैसला

# तीसरे बच्चे की 8वीं तक की शिक्षा मुफ्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के समवसरण मंदिर में मुनिश्री प्रमाण सागर जी महाराज की उपस्थिति में राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक अहम घोषणा करते हुए मयंक जैन ने बताया कि संघ ने 2025 से तीसरे बच्चे की 8वीं कक्षा तक की शिक्षा निःशुल्क प्रदान करने का निर्णय लिया है।**







मुनि प्रमाण सागर जी महाराज ने समाज को एकजुट करने का आह्वान करते हुए कहा कि जिनशासन को सुरक्षित और अक्षुण्ण रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज के लोगों से स्वप्रेरणा से संघ से जुड़ने और सेवा कार्यों में भागीदारी का आग्रह किया। बैठक में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अनिल कासलीवाल, विनोद दोषी और धर्मेंद्र सेठी सहित कई समाजजन उपस्थित थे। अभय जैन और संघ प्रमुख राकेश जैन गोहिल ने संघ के उद्देश्यों और विभिन्न शाखाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ समाज सेवी हुकुमचंद सावला ने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि संघ को चुनिंदा विषयों पर ध्यान केंद्रित कर उन्हें पूर्णता तक पहुंचाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. जैनेंद्र जैन और गौतम जैन सहित वरिष्ठ समाजसेवियों ने संघ के कार्यों का समर्थन करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महावीर सिंघई, ओम पाटोदी, सीतेश जैन, गोलू जैन, सुमित जैन, भरत जैन और नवीन जैन सहित कई प्रमुख समाज सेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनामिका बाकलीवाल ने किया, जबकि आभार राजेश जैन दद्दू ने व्यक्त किया।

# कड़ाके की ठंड में खुले मंच पर मांसपेशियों का शानदार प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के ऐतिहासिक राजबाड़ा में पहली बार किसी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मध्य प्रदेश शरीर सौष्ठव संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मिस्टर इंडिया जूनियर शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाड़ियों ने कड़ाके की ठंड में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में ओडिशा के जितेंद्र बारिक, केरल के सादिक और निशाद ने अपने-अपने वर्गों में जीत हासिल की। महिला वर्ग में ओडिशा की पिंकी बेहरा ने बाजी मारी, जबकि सीनियर वर्ग में मध्य प्रदेश के भोपाल के राकेश उइके विजेता बने। शाम से देर रात तक चले इस आयोजन में खिलाड़ियों ने संगीत की धुन पर अपनी मांसपेशियों का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विधायक गोलू शुक्ला, स्पर्धा आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह सोलंकी और सचिव रितेश विरांग सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विजेताओं को कुल चार लाख रुपए की इनामी राशि के साथ प्रोटीन सप्लीमेंट्स, घी भेंटकर और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस दौरान भारतीय शरीर सौष्ठव संगठन की महत्वपूर्ण बैठक भी इंदौर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दौरान राजबाड़ा से गुजरने वाले लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवतियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया। यह आयोजन मध्य प्रदेश के खेल इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ, क्योंकि पहली बार राजबाड़ा में किसी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



# ड्राइविंग लाइसेंस के लिए मार्कशीट नहीं लगेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर आरटीओ में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए कर्मचारियों द्वारा अचानक मार्कशीट को अनिवार्य कर दिया गया, जिसकी जानकारी आरटीओ को नहीं दी गई थी। सोमवार को परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट देने आए सैकड़ों आवेदकों को बिना मार्कशीट के वापस लौटा दिया गया। कर्मचारियों ने यह तर्क दिया कि कोर्ट के आदेश के अनुसार, आधार कार्ड को आयु प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, इसलिए मार्कशीट जरूरी है।**

इस मामले की जानकारी मिलने पर आरटीओ प्रदीप शर्मा ने तुरंत हस्तक्षेप किया और इस नई व्यवस्था को बंद करवाकर पहले की प्रक्रिया को बहाल कर दिया।



आरटीओ ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'सारथी' पोर्टल पर मार्कशीट अपलोड करने का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जब तक पोर्टल में यह सुविधा नहीं जोड़ी जाती, तब तक मार्कशीट की अनिवार्यता लागू नहीं होगी। साथ ही उन्होंने एनआईसी अधिकारियों से संपर्क कर पोर्टल में इस विकल्प को जोड़ने के लिए बातचीत शुरू की।

उन्होंने यह भी बताया कि आधार को आयु प्रमाण के तौर पर मान्यता नहीं दी जा सकती है, इसलिए मार्कशीट पर लिखी जन्मतिथि को एक वैकल्पिक दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में लर्निंग लाइसेंस टेस्ट के समय ही आवेदन के दौरान मार्कशीट अपलोड करनी होगी, ताकि जन्मतिथि की पुष्टि के बाद ही आवेदक को टेस्ट में शामिल किया जा सके।

### ◆ सैकड़ों आवेदकों को मिली राहत

आरटीओ ने यह भी कहा कि जल्द ही सारथी पोर्टल पर आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। तब तक आवेदकों को बिना मार्कशीट के लाइसेंस की प्रक्रिया में कोई दिक्कत नहीं होगी। इस निर्णय ने सैकड़ों आवेदकों को राहत दी है, जो नई व्यवस्था के कारण परेशान हो रहे थे। हाल ही में आरटीओ जगह जगह कैंप भी आयोजित कर रहा है ताकि सभी लोगों के लाइसेंस बन सकें और लोग लाइसेंस के अभाव में कानूनी उलझनों में न पड़ें।

## जयरामपुर में लाललोई पर्वसिंधी पंजाबी समाज ने धूमधाम से मनाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जयरामपुर कॉलोनी में सिंधी और पंजाबी समुदाय का प्रमुख त्योहार लाललोई (लोहड़ी) बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सार्वजनिक महोत्सव समिति के सचिव अनिल आगा ने बताया कि पिछले 39 वर्षों से यह पर्व जयरामपुर कॉलोनी बगीचे के पास मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने व्रत रखकर परिवार और समाज के कल्याण की कामना की। पर्यावरण की चिंता करते हुए लकड़ी के स्थान पर गोबर के कंडे और घास की पिंडियों का उपयोग किया गया। शाम को सजाई गई लोई को कन्याओं और छोटे बच्चों ने अग्नि दी। समाज के लोगों ने ढोल की थाप पर नृत्य करते हुए लोई की परिक्रमा की। लोई में चना, चिरौंजी, बताशा, परमल, रेवड़ी और नारियल का प्रसाद चढ़ाया गया। पल्लव अरदास के साथ सभी ने सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विधायक मालिनी गौड़, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, महापौर परिषद सदस्य प्रिया डांगी सहित कई गणमान्य नागरिक और संत महात्मा उपस्थित रहे।

## पत्रकार लोकेंद्र सिंह थनवार लगातार छठी बार अध्यक्ष चुने गए



लोकेन्द्र सिंह थनवार
अध्यक्ष
प्रवीण जोशी
उपाध्यक्ष
सरिता शर्मा
उपाध्यक्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इंदौर जिला इकाई की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का नवगठन प्रांताध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया ने किया। भोपाल में इसकी घोषणा प्रदेश कार्यकारी महासचिव सत्यनारायण वैष्णव ने की। नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों में वरिष्ठ पत्रकार लोकेंद्रसिंह थनवार लगातार छठी बार अध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष - वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण जोशी, खन्नू विश्वकर्मा, श्रीमती सरिता शर्मा, हेमंत व्यास, महासचिव - राजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष कल्याण सिंह चांदना, सचिव - संजय जोशी, अशोक शर्मा, शालिनी शर्मा, हेमराज यादव, संयुक्त सचिव- रामकिशोर लोवंशी, देवेंद्र कुमार साहू, शुभम अग्रवाल और अनिल चौधरी मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में अर्जुनसिंह राजपूत, सुधीर वर्मा, दिनेश देशमुख, सुल्तान किरमानी, मुरली खंडेलवाल और मुनेंद्र शर्मा का मनोनयन किया गया।

## अवैध बिल्डिंगों में होम लोन देने वाले बैंकों के ऑफिस पर अब चलेगा बुलडोजर

**इंदौर। महालक्ष्मी नगर मेन रोड पर गृहनिर्माण संस्थाओं के आवासीय भूखंडों पर अवैध व्यावसायिक निर्माण धड़ल्ले से हो रहा है, जिसमें बैंक और अधिकारियों की मिलीभगत उजागर हो रही है। बैंकों द्वारा जब आम जनता को आवासीय लोन देने में वैधता का सख्ती से पालन किया जाता है, वहीं दूसरी ओर उन्होंने खुद अवैध इमारतें किराए पर ले रखी हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण राधिका पैलेस के भूखंड क्रमांक 52 और 53 हैं, जिनका अवैध रूप से संयुक्तिकरण कर विशाल व्यावसायिक इमारत बनाई गई। इस इमारत को एचडीएफसी बैंक को किराए पर दिया गया, साथ ही अल्टीमेट फिटनेस क्लब और अन्य गतिविधियों के लिए भी इस्तेमाल किया जा रहा है।**



कलेक्टर आशीष सिंह ने हाल ही में बेसमेंट खाली कराने और पार्किंग की जगह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई शुरू की। कुछ बिल्डिंगों को सील भी किया गया। लेकिन महालक्ष्मी नगर और अन्य क्षेत्रों में आवासीय भूखंडों पर 100 प्रतिशत अवैध निर्माण जारी है। इनमें बेसमेंट का प्रावधान न होकर इमारतें सीधे सड़क किनारे बनाई जा रही हैं। बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने महालक्ष्मी नगर इसका स्पष्ट उदाहरण है, जहां जनकल्याण, पुष्प विहार, मजदूर पंचायत, सांई कृपा, देवी अहिल्या, सरस्वती गृह निर्माण जैसी संस्थाओं के आवासीय भूखंडों पर पूरी तरह अवैध व्यावसायिक इमारतें खड़ी कर दी गई हैं। राधिका पैलेस की इस अवैध बिल्डिंग पर भवन अधिकारी गीतेश तिवारी की भूमिका भी संदिग्ध नजर आती है। निगमायुक्त शिवम वर्मा के निर्देश के बावजूद इस निर्माण को रोका नहीं गया और गोलमोल नोटिस जारी किए गए। संयुक्तिकरण की कोई अनुमति नगर तथा ग्राम निवेश से नहीं ली गई। ऑनलाइन रिकॉर्ड में भी केवल एक भूखंड का नक्शा दर्ज है। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि बैंक को पहले ही सूचित किया जा चुका है कि वे ऐसी अवैध इमारत में संचालन न करें। जल्द ही राधिका पैलेस के साथ-साथ अन्य अवैध इमारतों पर भी बुलडोजर चलाया जाएगा।

## मस्कुलर डिस्ट्राफी से पीड़ित दिव्यांगजनों के उपचार और अन्य मदद के लिये सेंटर प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में मस्कुलर डिस्ट्राफी से पीड़ित दिव्यांगजनों के उपचार और अन्य मदद के लिये सेंटर प्रारंभ किया गया है। यह सेंटर शांति नगर पलासिया इंदौर में प्रारंभ हुआ है।**

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन में पीडितजनों के परिजनों द्वारा सेंट्रल इंडिया सोसायटी फार मस्कुलर डिस्ट्रॉफी नाम से सोसायटी बनाई गई है। पार्श्व आरोग्यम राष्ट्रीय जैन श्वेताम्बर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा जगह उपलब्ध करवाई जाकर शांति नगर पलासिया इंदौर में यह सेंटर प्रारंभ किया गया है।




आज इस मस्कुलर डिस्ट्राफी सेंटर का उद्घाटन संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिरण श्रीमती सुचिता तिर्की द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. शरद डोसी, श्री प्रकाश भटनागर, श्री सुनील न्याति, अरूण कुमार मिश्रा, सोनू अग्रवाल, संजीव कुमार त्रिवेदी, श्री विनोद वर्मा, डॉ. तृप्ति मुदगल, श्री राहूल जैन, श्री लक्ष्मी कुमार मुछाल, श्री मोतीलाल रूथिया एवं बडी संख्या में मस्कुलर डिस्ट्राफी से पीडित बच्चों के परिजन उपस्थित थे। उनके द्वारा सेंटर में अपना पूरा योगदान दिये जाने की बात भी कही गई। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती तिर्की ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में प्रावधानिक 21 प्रकार की दिव्यांगता में निहित मस्कुलर डिस्ट्राफी दिव्यांगता जिसमें पीडित व्यक्ति की मासपेशियों में कमजोरी एवं विकृति उत्पन्न होती है, जिससे पीडितजन का जीवन कठिनाई में आ जाता है। इसके निराकरण के लिये यह सेंटर स्थापित किया गया है। मस्कुलर डिस्ट्राफी सेंटर के माध्यम से भौतिक चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, स्पीच थेरेपी, सर्जिकल हस्तक्षेप, सहायक उपकरण इत्यादि के द्वारा सेवाएँ प्रदान की जायेगी।

## सभी शासकीय सेवकों की प्रोफाइल समग्र आईडी एवं आधार से होगी लिंक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि वित्त विभाग द्वारा संधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) के अंतर्गत उपलब्ध शासकीय सेवकों की जानकारी समग्र आईडी तथा आधार से लिंक होगी। वेतन का भुगतान, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। आग्रह किया गया है कि जिले के समस्त शासकीय सेवक अपने प्रोफाइल का समग्र आईडी से अविलंब सत्यापन कराएं। सॉफ्टवेयर में उपलब्ध ईएसएस लिंक के माध्यम से समग्र आईडी की प्रविष्टि का कार्य किया जा सकता है। इसके अलावा अपनी समग्र आईडी को आधार से लिंक कराना भी आवश्यक है। कहा गया है कि समस्त शासकीय सेवक का दायित्व होगा कि वह आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्प्लाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टी कर जानकारी सत्यापित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा उनकी समग्र आईडी का पंजीयन/अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिस बैंक खातें में वेतन प्राप्त हो रहा है। उस बैंक खाते को आधार से भी लिंक कराया जाये। समस्त बजट नियंत्रण अधिकारी/आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे अपने कार्यालय के सभी शासकीय सेवकों का यह कार्य 28 फरवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से हो जाये। प्रथम चरण में यह कार्य नियमित शासकीय सेवकों करना होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

# प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने गरीब कल्याण मिशन के क्रियान्वयन की स्वीकृति

- पुलिस बैण्ड की स्थापना के लिए 932 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति
- डायल-100 सेवा के द्वितीय चरण के संचालन के लिए 1565 करोड़ रूपये की स्वीकृति



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। प्रदेश को वर्ष 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने का महत्वाकांक्षी निर्णायक कदम उठाते हुए मंत्रि-परिषद ने 'गरीब कल्याण मिशन' के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी। मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुये उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है। गरीब कल्याण मिशन संयुक्त रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से क्रियान्वित किया जायेगा।

गरीब कल्याण मिशन मुख्यतः तीन घटकों यथा बहु-आयामी गरीबी इण्डेक्स में सुधार, आजीविका सुदृढ़ीकरण और विद्यमान संगठनों के सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। बहु आयामी गरीबी इण्डेक्स के मुख्य बिन्दु महिलाओं और बच्चों का पोषण सुनिश्चित करना, शिशु मृत्यु दर कम करना, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य सुनिश्चित करना, माध्यमिक शिक्षा सुनिश्चित करना, माध्यमिक कक्षा तक के छात्रों की स्कूल में उपस्थिति, भोजन पकाने के लिए समुचित ईंधन उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, आवास निर्माण, परिवारों के पास संसाधन उपलब्धता, बैंक खाता की उपलब्धता के साथ वित्तीय समावेश में सुधार किया जायेगा।मंत्रि-परिषद द्वारा 'पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' अंतर्गत प्रदेश के शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की स्वीकृति दी है। सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना मिशन मोड में वर्ष 2025-26 तक की जाना है। जिला स्तर पर 20 किलोवॉट और उससे अधिक क्षमता वाले शासकीय भवनों को एग्रीगेट कर निविदा के माध्यम से रेस्को पद्धति या कैपेक्स मोड में म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। केन्द्र सरकार द्वारा 'पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' प्रारम्भ की गई है। इस योजना के विभिन्न घटकों में घरेलू क्षेत्र में सोलर रूफ टॉप की स्थापना के साथ ही प्रदेश के शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप संयंत्रों की स्थापना की जाना है। मंत्रि-परिषद द्वारा एकीकृत पुलिस कॉल सेन्टर एवं नियंत्रण कक्ष तंत्र (डायल-100) सेवा के द्वितीय चरण अप्रैल-2025 से सितम्बर-2030 तक (5 वर्ष 06 माह) के संचालन के लिए 1200 फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल (एफआरवी) के साथ कुल अनुमानित राशि 1565 करोड़ रूपये की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गयी। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश के जिलों में पुलिस बैण्ड की स्थापना के लिए कुल 932 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसमें 10 निरीक्षक बैण्ड, 38 उप निरीक्षक बैण्ड, 72 सहायक उप निरीक्षक बैण्ड, 170 प्रधान आरक्षक बैण्ड और 642 आरक्षक बैण्ड के पद शामिल है।

## निगम, बोर्ड, मंडलों ने निकाली संचित निधि की ज्यादा राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश के निगम, मंडल और बोर्ड के अफसरों ने सरकार के संचित निधि खाते से जरूरत से अधिक राशि निकाल ली है। इस पर वित्त विभाग ने आपत्ति जताते हुए कहा है कि प्रदेश के निगम, मंडल, बोर्ड और समितियों के अधिकारी जरूरत से अधिक राशि बैंक खातों में नहीं जमा रख सकेंगे। सरकार के संचित निधि (कंसोलिडेटेड फंड) के खाते से निकाली गई रकम को वापस संचित निधि खाते में जमा करना होगा। अगर किसी अधिकारी द्वारा इसका पालन नहीं किया गया तो अगले वित्त वर्ष में बजट आवंटन नहीं किया जाएगा।

प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने कहा है कि तय समय सीमा में राशि वापस नहीं लौटाना गंभीर वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आएगा। ऐसी स्थिति न बने, इसलिए समय-समय पर प्रशासकीय विभाग और विभागाध्यक्ष निगम, मंडलों की आय- व्यय की समीक्षा करें। बजट नियंत्रण अधिकारी निगम, मंडल के बैंक खातों का रिव्यू कर यह क्लियर करेंगे कि क्या वास्तव में राशि का आगामी आहरण किया जाना जरूरी है। इसके लिए अधिकारी की संतुष्टि के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के आधार पर ही राशि निकाली जा सकेगी और निगम, मंडल व बोर्ड के खाते में ट्रांसफर हो सकेगी। रस्तोगी ने ऐसी स्थिति का पालन नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही भी करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में संबंधित विभाग के सचिव द्वारा वित्त विभाग को 5 अप्रेल 2025 तक पूरी जानकारी दी जाएगी। इन निर्देशों के पालन के बाद ही वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संबंधित बजट नियंत्रण अधिकारी को बजट आवंटन किया जा सकेगा और ऐसी स्थिति के लिए संबंधित अधिकारी खुद जिम्मेदार होंगे।

कानून मंत्री बोले-

## भाजपा करती है बाबा साहब का सम्मान

**उज्जैन।** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार को गौरव अभियान के तहत संविधान पर चर्चा करने उज्जैन आए थे। कालिदास अकादमी में विभिन्न समाजों के प्रमुखों के साथ चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेघवाल ने अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। इसके साथ ही दिल्ली में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने का दावा भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद अनिल फिरोजिया ने की।



मेघवाल ने कहा,अन्ना हजारे के आंदोलन से राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी का गठन करते समय तीन शपथ ली थी। पहली सरकारी बंगला नहीं लेंगे, सिक्योरिटी नहीं लेंगे और सरकारी गाड़ी नहीं लेंगी। लेकिन उनकी तीनों ही शपथ की पोल खुल गई है। लोगों को उनकी कथनी और करनी में फर्क समझ आ गया है। दिल्ली में भाजपा का ग्राफ तेजी से बढ़ा है और आम आदमी का घटा है। इस बार दिल्ली विधानसभा में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी द्वारा नीले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करने को लेकर केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि बाबा साहब की जन्मस्थली मध्यप्रदेश में ही है। इनके इतने प्रधानमंत्री हुए कभी जन्मदिन के अवसर पर महू आए क्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल 2016 को बाबा साहब अंबेडकर की जन्म स्थली महू आए थे। भाजपा ही बाबा साहब का सम्मान करती है। यही मैसेज देने मैं आया हूं।

## तुम जैसा रखोगे वैसे रहूंगी, बस घर आ जाओ...

**खंडवा।** सास-बहू के विवाद में बहू ने नाराज हो गई। पति ने भी मां का ही साथ दिया, तो पत्नी ने आक्रोशित होकर अपना हाथ काट लिया। इससे पति घबराकर घर छोड़कर भाग गया। पत्नी ने आसपास तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। उसके बाद पत्नी थाने पहुंच गई। मामला पदम नगर थाने का है। खंडवा के पदम नगर थाने में अपने पति की गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंची थी। मिली



जानकारी के अनुसार महिला निजी अस्पताल में नर्स का काम करती है। पति कारपेंटर का काम करता है। उनकी लव मैरिज हुई है। वीडियो में युवती घर छोड़कर गए पति से मिन्नतें करते हुए दिखाई दे रही है। वह अपने पति से बोल रही है कि अब मैं कभी हाथ नहीं काटूंगी, कुछ भी ऐसी हरकत नहीं करूंगी, जिससे तुम्हें दुख पहुंचे। मैं तुम्हारे घरवालों को भी कुछ नहीं बोलूंगी, तुम जहां भी हो वापस आ जाओ। अपन अच्छे से रहेंगे मुझे ना तुम्हारे घरवालों से मतलब है, ना मेरे घरवालों से मतलब है। तुम मुझे जहां-जैसे रखोगे, वैसे रह लूंगी। बस तुम घर लौट आओ। वीडियो में युवती ने यह भी बताया कि उसकी शादी हो सात साल हो गए हैं। छोटी सी बात को लेकर उनके बीच अनबन हुई और पति घर से चले गया। पुलिस ने अब दोनों को मिलवा दिया है। दोनों साथ रह रहे हैं।

## मां के साथ थे अवैध संबंध, दो बेटों ने आरोपी की हत्या कर 12 साल बाद लिया पिता की आत्महत्या का बदला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल। शहडोल जिले के सीधी थाना क्षेत्र के ग्राम मीठी में हुई हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। अवैध संबंधों के चलते एक महिला के दो बेटों ने आरोपी युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की मां के साथ अवैध संबंध के कारण उनके पिता ने 12 साल पहले आत्महत्या कर ली थी। तभी से दोनों भाई बदले की आग में जल रहे थे। 12 साल बाद मौका मिलते ही उन्होंने युवक की हत्या कर दी।**

जानकारी के अनुसार, शहडोल जिले के ग्राम मीठी में नाई का काम करने वाले चोखेलाल नापित की दो दिन पहले गांव के ही रहने वाले दो सगे भाइयों आरिफ और शाकिर ने पहले सिर पर रॉड मारकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को बाइक पर रखकर आठ किलोमीटर दूर जंगल में फेंककर फरार हो गए थे। सीधी पुलिस ने आरोपियों को झिकबिजरी गांव में से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की मां के साथ चोखेलाल के अवैध संबंध थे। इसी बात से आहत होकर उनके पिता ने लगभग 12 साल पहले आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद भी चोखेलाल का उनकी मां के साथ संपर्क बना रहा, जो दोनों भाइयों को खटकता रहा। बदला लेने के लिए उन्होंने 12 साल इंतजार किया। जब वे वयस्क हो गए, तो मौका पाकर लोहे की रॉड से हमला कर चोखेलाल की हत्या कर दी और अपनी बदले की आग को शांत कर लिया। सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने कहा कि हत्या करने वाले दोनों सगे भाइयों में से एक को उसके ससुराल से गिरफ्तार किया गया मामले में आगे जांच और कार्रवाई जारी है।

## संपादकीय

### "काशी तमिल संगमम 3.0"

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'काशी तमिल संगमम 3.0' (KTS) की घोषणा करते हुए कहा कि यह आयोजन 15 से 24 फरवरी तक होगा। इस बार सबसे खास बात यह है कि संगमम का तीसरा संस्करण दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक- आध्यात्मिक महाकुंभ मेले के साथ मेल खाएगा। शिक्षा मंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि काशी तमिल संगमम में हिस्सा लेने वाले प्रतिनिधियों को महाकुंभ मेले के दौरान 'अमृत स्नान' व पवित्र डुबकी लगाने का मौका मिलेगा। साथ ही तमिलनाडु से आने वाले छात्र व शिक्षक अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन भी करेंगे। अयोध्या में स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद यह पहला काशी तमिल संगमम हो रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में शिक्षा सचिव संजय कुमार और उच्च शिक्षा विभाग में अडिशनल सेक्रेटरी सुनील कुमार वर्णवाल, भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चमू कृष्ण शास्त्री भी मौजूद रहे। तमिलनाडु से आने वाले छात्र, शिक्षक, किसान, कारीगर, पेशेवर और छोटे उद्यमियों के अलावा महिलाओं और शोधकर्ता भी काशी के 'नमो' घाट पर आयोजित होने वो इस बड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे और उन्हें उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम तट पर महाकुंभ मेले में भागीदारी का मौका मिलेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्राचीन काल से भारत में शिक्षा और संस्कृति के ये दो महत्वपूर्ण केंद्र रहे हैं और दोनों के बीच अटूट सांस्कृतिक संबंध रहा है। इस संगमम का उद्देश्य इस बारे में युवाओं को जागरूक करना है ताकि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के बीच परस्पर संपर्क-संवाद बढ़े। यह भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय का अहम आयोजन है।

**अर्ज़ किया है..!**

*चलो यूँ ही सही*
*हम बेवफ़ा हैं*
*मगर ये तो बताएँ*
*आप क्या हैं*

*-शहबाज़ नदीम ज़ियाई*

isha



***गुरु की कृपा आपकी योजनाओं को पूरा करने के लिए नहीं, बल्कि आपके लिए जीवन की योजना को पूरा करने के लिए बनी है।***

**- जग्गी वासुदेव**

**धर्म-कर्म**

# मौनी अमावस्या कब है

## जानें साल की पहली अमावस्या क्यों है खास



मौनी अमावस्या का सभी अमावस्याओं में विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन पितरों को स्मरण करने और अनुष्ठान करने का महत्व होता है। जो लोग पूर्वजों की मृत्यु की तिथि नहीं जानते, वे इस दिन पिंडदान कर सकते हैं। ऐसा करने से पूर्वजों को मुक्ति मिलती है और वैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है। इस साल की पहली अमावस्या यानी मौनी अमावस्या 29 जनवरी, बुधवार को है। महाकुंभ के अवसर पर मौनी अमावस्या पर शाही स्नान भी किया जाएगा। आइए, विस्तार से जानते हैं साल की पहली अमावस्या की खास बातें।

### ◆ मौनी अमावस्या कब है

इस साल मौनी अमावस्या 29 जनवरी को मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग के अनुसार माघ महीने की अमावस्या 28 जनवरी शाम 07:37 बजे शुरू होगी। अगले दिन 29 जनवरी को दिन और रात्रि तक रहेगी अमावस्या तिथि का शुभारंभ 28 जनवरी की शाम को होगा। लेकिन पूरा दिन 29 जनवरी को ही पड़ेगा। इसलिए मौनी अमावस्या 29 जनवरी को मनाई जाएगी।

### ◆ मौनी अमावस्या का महत्व

मौनी अमावस्या पर पितरों का तर्पण करने के साथ दान का भी विशेष महत्व माना जाता है। इस मौनी अमावस्या पर पुण्य कमाने का अच्छा अवसर है। स्नान और दान के लिए ब्रह्म मुहूर्त सबसे उत्तम समय माना जाता है। यह समय 29 जनवरी को सुबह 5:25 से शुरू होकर सुबह 6:18 तक रहेगा। इसके बाद भी आप दिन भर स्नान-दान कर सकते हैं क्योंकि सिद्धि योग रात 9:22 तक रहेगा। अगर आप कोई खास काम करना चाहते हैं, तो अमृत काल का समय सबसे शुभ है।

### ◆ साल की पहली अमावस्या क्यों है विशेष

मौनी अमावस्या पर स्नान-दान का विशेष महत्व माना जाता है। गुरु और सूर्य का राशि परिवर्तन कुम्भ कराता है लेकिन 29 जनवरी चंद्रमा और सूर्य मकर राशि रहेंगे। वहीं, गुरु का पंचम भाव में रहना बहुत शुभ और उत्तम स्थिति का निर्माण हो रहा है। जिसके कारण इस दिन स्नान-दान करना और भी महत्वपूर्ण होगा। इस दिन सिद्धि योग भी बन रहा है। महाकुंभ पर मौनी अमावस्या पर शाही स्नान भी किया जाएगा। इस कारण से साल की पहली अमावस्या बहुत ही विशेष रहेगी।

New Delhi

# इसरो ने रचा इतिहास, अंतरिक्ष में जोड़ दीं दोनों सैटेलाइट; ऐसा करने वाला चौथा देश बना भारत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को एक बार फिर से इतिहास रच दिया। इसरो ने SpaDeX (स्पेस डॉकिंग एक्सरसाइज) मिशन के तहत दो सैटेलाइट को सफलतापूर्वक डॉक करने की प्रक्रिया पूरी कर ली। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है।

इससे पहले इसरो ने दो बार डॉकिंग का प्रयास किया था, लेकिन तकनीकी समस्याओं के कारण 7 और 9 जनवरी को यह संभव नहीं हो सका। 12 जनवरी को इसरो ने सैटेलाइट को 15 मीटर और 3 मीटर की दूरी तक



लाने में सफलता हासिल की थी। इसरो ने कहा था, “15 मीटर और फिर 3 मीटर तक की दूरी को सफलतापूर्वक तय किया गया है। इसके बाद सैटेलाइट्स को सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। डेटा का विश्लेषण करने के बाद डॉकिंग प्रक्रिया पूरी की जाएगी।” SpaDeX मिशन को इसरो ने 30 दिसंबर, 2024 को लॉन्च किया था। इसमें दो छोटे सैटेलाइट— SDX01 (चेसर) और SDX02 (टारगेट) — को पृथ्वी की निम्न कक्षा में स्थापित किया गया। इस मिशन का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करना है। डॉकिंग तकनीक की आवश्यकता चंद्रयान-4 जैसे मिशनों में होगी, जिसमें चंद्रमा से सैंपल लाकर पृथ्वी पर वापस लाना है।

Uttarpradesh

## बिजली चोरी पर संभल में ऐक्शन, सांसद के अलावा 16 मस्जिदें और 2 मदरसे नामजद



**संभल, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बिजली विभाग का तबोड़तोड़ ऐक्शन जारी है। जोन में बिजली चोरी के सर्वाधिक मामले संभल जिले से सामने आए हैं। संभल में बिजली चोरी की धारा 135 के तहत 1,400 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसमें समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर रहमान बर्क, 16 मस्जिदों और दो मदरसों सहित कई व्यक्तियों और संस्थान शामिल हैं। बिजली चोरी में 11 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। बताया जा रहा है कि 20 लाख रुपए की वसूली की गई है। आपको बता दें दिसंबर में बिजली विभाग के अधिकारियों ने सपा सांसद के इलाके खग्गू सराय, रायसत्ती, दीपा सराय, हिंदू पुरा खेड़ा सहित तमाम इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान बिजली विभाग ने बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी थी। बिजली विभाग ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर पर भी छापेमारी की। सांसद के घर खामियां मिलने पर बिजली विभाग ने बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था और उन पर 1.91 करोड़ का जुर्माना भी लगाया था। सांसद के घर की बिजली भी काट दी थी। इसके साथ सांसद के पिता के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया था। बिजली कर्मचारियों ने उनपर धमकाने का आरोप लगाया था। इसके बाद से अधिकारियों ने जिले भर में अवैध बिजली कनेक्शनों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

Uttarakhand

## नशे में धुत सरकारी अधिकारी ने तीन लड़कियों को कुचला, एक की मौत

**नैनीताल, (एजेंसी)** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के कोटाबाग ब्लॉक में नशे में धुत एक सरकारी अधिकारी ने तीन नाबालिग लड़कियों को अपनी कार से कुचल दिया, जिसमें एक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गईं. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी.

अधिकारी के मुताबिक कोटाबाग पुलिस चौकी प्रभारी रमेश चंद्र पंत ने बताया कि आरोपी भूपेंद्र सिंह कोटाबाग का सहायक खंड विकास अधिकारी है. लड़कियों को कुचलने के बाद मौके से भाग रहा था. जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. पंत ने बताया कि मेडिकल जांच में पुष्टि हुई है कि सिंह दुर्घटना के समय नशे में था. पंत ने बताया कि लड़कियों की पहचान कनक बोरा (17) और माही बोरा (14) व उनकी सहेली ममता भंडारी (15) के रूप में हुई है. सभी कोटाबाग के नाथूनगर गांव की रहने वाली हैं. घटना के समय तीनों सोमवार को उत्तरायणी मेले से लौट रही थीं. पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि पीड़ितों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटाबाग ले जाया गया और बाद में उन्हें उच्च स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने माही को मृत घोषित कर दिया.

Jharkhand

## रिटायर्ड अधिकारी से 2.27 करोड़ की ठगी, डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर साइबर अपराधियों ने वारदात को दिया अंजाम

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड के रांची से साइबर ठगी का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. बरियातू क्षेत्र में रहने वाले CCL के रिटायर्ड अधिकारी साइबर ठगी का शिकार हो गए. ठगों ने खुद को टेलीफोन रेगुलेटरी अथॉरिटी (TRAI) और साइबर सेल के अधिकारी बताकर डराया. साथ ही झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी. बदमाशों ने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर उनसे 2.27 करोड़ रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवाए.

रिटायर्ड अधिकारी को ठगों ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर से भ्रामक विज्ञापन प्रसारित हुआ है, जिसके कारण उन पर साइबर अपराध का मामला दर्ज किया जाएगा. इसके बाद अलग-अलग नंबरों से फर्जी अधिकारियों और एक महिला का फोन आया. ठगों ने कहा कि उन्हें 10 दिसंबर से 20 दिसंबर तक डिजिटल अरेस्ट किया गया है. ठगी का शिकार हुए कोल इंडिया के रिटायर अफसर रांची के बरियातू इलाके में रहते हैं.

ठगों ने लगातार दबाव बनाकर RTGS और NEFT के जरिए आठ अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए. मामले का खुलासा होने पर अधिकारी ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 और CID से संपर्क किया. CID के IG असीम विक्रांत मिंज ने बताया कि ठगों ने कुल 2 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की ठगी की है.

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इस ठगी के तार महाराष्ट्र से जुड़े हो सकते हैं.

खेल

## छह महीने में ही खराब हुए पेरिस ओलंपिक के पदक, मनु भाकर के पदक बदले जाने की उम्मीद

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर के पेरिस ओलंपिक में जीते कांस्य पदक महज छह महीने में ही खराब पड़ने लगे और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता को उम्मीद है कि उनके ये पदक बदले जाएंगे। मनु उन खिलाड़ियों के बड़े समूह में से हैं जिन्होंने शिकायत की है कि उनके पदक खराब हो चुके हैं। मालूम हो कि पिछले साल जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक का आयोजन हुआ था जिसमें मनु ने अलग-अलग वर्ग में दो कांस्य अपने नाम किए थे।**



कई एथलीटों ने की है शिकायत

हाल के दिनों में दुनिया भर के कई एथलीटों ने सोशल मीडिया पर खराब हुए पदकों की तस्वीरें पोस्ट की थी। यह पता चला है कि मनु के पदकों का रंग उतर गया है और वे खराब स्थिति में हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि क्षतिग्रस्त पदकों को मोनैई डे पेरिस (फ्रांस का राष्ट्रीय टकसाल) द्वारा व्यवस्थित रूप से बदला जाएगा। खिलाड़ियों को मिलने वाला नया पदक पुराने के समान ही होगा। प्रत्येक ओलंपिक पदक के केंद्र में लगे लोहे के टुकड़ों का वजन 18 ग्राम (लगभग दो-तिहाई औंस) होता है।

मोनैई डे पेरिस फ्रांस के लिए सिक्के और अन्य मुद्रा तैयार करती है। पेरिस ओलंपिक की आयोजन समिति सभी क्षतिग्रस्त पदक बदलने के लिए मोनैई डे पेरिस के साथ मिलकर काम कर रही है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक 2024 में दिए गए पदकों में प्रतिष्ठित एफिल टॉवर के टुकड़े शामिल थे। पेरिस 2024 के लिए 5084 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक महंगे आभूषण और घड़ी बनाने वाली कंपनी चौमेट द्वारा डिजाइन किए गए थे और मोनाई डे पेरिस ने इनका निर्माण किया था।

सिनेमा

## सैफ अली खान के घर में चाकू से हमला, लीलावती अस्पताल में भर्ती हैं एक्टर, बांद्रा वाले घर में सो रहा था परिवार



बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान घायल हो गए हैं। रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, एक लुटेरे ने बांद्रा स्थित उनके घर में घुसकर कथित तौर पर उन्हें चाकू मार दिया। घटना गुरुवार सुबह करीब 2:30 बजे हुई जब एक्टर अपने परिवार के लोगों के साथ अपने घर में सो रहे थे। पुलिस ने कहा कि घर में रहने वालों के जागने के बाद लुटेरा मौके से भाग गया और पुलिस उसका पता लगाने की कोशिश कर रही है। बांद्रा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है और अपराधी को पकड़ने के लिए कई पुलिस की टीमें गठित की गई हैं। एक सीनियर आईपीएस अधिकारी ने घटना की पुष्टि की और कहा कि सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। सैफ अली खान फिलहाल OT में हैं। मुंबई पुलिस ने एक बयान में कहा, 'कल देर रात एक अज्ञात आदमी एक्टर सैफ अली खान के घर में घुसा और उनकी नौकरानी से बहस की। जब एक्टर ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की और उसे शांत कराने लगे, तो उसने सैफ अली खान पर हमला किया और उन्हें घायल कर दिया।' उन्होंने बताया, 'अभी तक यह क्लियर नहीं है कि उन्हें चाकू मारा गया है या लुटेरे के साथ हुई हाथापाई में वह घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि वे मामले की जांच कर रहे हैं।

## Highlights

1. **Sniffer dog deployed to catch Saif Ali Khan's attacker**
2. **India becomes 4th country in history to successfully dock 2 satellites in space**
3. **PM inaugurates Asia's 2nd largest ISKCON temple in Navi Mumbai**
4. **Central govt staff can now travel in Vande Bharat train under LTC**

# Meta may have to roll back some features after CCI's antitrust directive: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Meta may "roll back or pause" some features in India because of an antitrust directive that bans its messaging service WhatsApp from sharing user data with Meta for advertising purposes, according to a report by news agency Reuters.

This photo illustration shows an image of Mark Zuckerberg, CEO of Meta, and a phone displaying the download page for the Facebook app. (AFP)

This photo illustration shows an image of Mark Zuckerberg, CEO of Meta, and a phone displaying the download page for the Facebook app. (AFP)

The directive, which came in November last year was




by the Competition Commission of India (CCI) which found the social media giant abused its dominance by coercing WhatsApp users into accepting a 2021 privacy policy.

The policy allegedly expands user data collection and sharing, which gives Meta an unfair advantage over its rivals. Users also don't have a choice if they wanted to continue using the messaging service.

WhatsApp also publicly says it shares a user's phone number, transaction data, how they interact with businesses and mobile device information with Meta. As a result, the CCI imposed a $24.5 million fine as well as a five-year ban on this data sharing practice in India.

# Bhavish Aggarwal's Ola companies to be restructured into a conglomerate: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Ola founder Bhavish Aggarwal is planning to restructure his companies into a conglomerate structure ahead of the Ola Consumer IPO, according to an Economic Times report.

At the moment Ola Consumer (Ola Cabs), the now publicly listed Ola Electric, and AI-startup Krutrim are associate companies, but not subsidiaries under one holding company, with Aggarwal holding nearly a 9%, 36%, and 90% stake in them respectively, according to the report. The restructuring will involve the formation of a




leadership group, deployment of shared technology assets and overall control by BA Family Office, the report read. The restructure of the companies will start off with Ola Maps, which was in the spotlight last year due to MapMyIndia alleging data theft by Ola. Ola Maps is planned to come under Krutrim despite the data for running it coming mainly from the 14-year-old cab-hailing side, which acquired Geospoc Geospatial Services in October 2021. Krutrim cites OpenStreetMap, the government, and Ola entities as its data sources for building maps, according to the report. Aggarwal also has ambitious plans for Krutrim such as building AI chips, AI-driven maps and LLMs (large language models). He plans to meet the large capital requirements for this through his family office. Krutrim may also likely have a number of offshoots or subsidiaries. When it comes to Ola Consumer, it has more than 100 investors including Softbank, Temasek, Warburg Pincus, Steadview Capital, Tiger Global, DST Global, and Falcon Edge Capital.

# पार्षद कालरा के घर हमला करने वाले 5 और पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के पार्षद कालरा के घर पर हमला करने वाले पांच और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। एसआईटी अधिकारियों के अनुसार, इन आरोपियों को सीहोर के पास से पकड़ा गया। हालांकि, जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने थाने आकर सरेंडर किया था। इससे पहले भी पुलिस ने उन्हें कोर्ट में सरेंडर करने की प्रक्रिया में पहुंचने की कोशिश की थी। जूनी इंदौर पुलिस ने शैलेन्द्र उर्फ पिंटू (36), विशाल (35), गोलू उर्फ अभिजीत (30), धीरज (35), और संतोष को सिहोर के पास एक ढाबे से पकड़ने का दावा किया। जानकारी के अनुसार, इन आरोपियों ने थाने में आकर सरेंडर किया। एक दिन पहले, बंटी नामक आरोपी भी तुकोगंज थाने में सरेंडर कर चुका था, जिसे एसआईटी टीम ने पकड़ा था।पुलिस ने पार्षद कालरा के घर पर हुए हमले की वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त की थी। अब तक मामले में कुल 15 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस की कार्रवाई जारी है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही हैं।

## पतंग उड़ाते हुए तीसरी मंजिल से गिरा युवक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू तहसील के किशनगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को एक युवक पतंग उड़ाते हुए छत से गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को महू के निजी अस्पताल ले जाया गया वहां से उसे इंदौर रेफर किया गया। इंदौर में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना किशनगंज में मंगलवार शाम 6.30 बजे हुई। युवक गौतमपुत्र राजेश विश्वकर्मा (21) निवासी गणेशपुरी कॉलोनी उमरिया अपने दोस्तों के



साथ किशनगंज स्थित मकान की तीसरी मंजिल पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाते हुए व छत से नीचे गया। जिसके कारण उसके गले की हड्डी टूट गई और सिर में भी चोट आई। उसके गिरते ही साथी दोस्तों ने उसके स्वजनों को सूचना दी और किशनगंज स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे इंदौर रेफर किया गया। बुधवार सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए इंदौर जिला अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंपा। युवक पीथमपुर की निजी कंपनी में काम करता था।उज्जैन में भी पतंग उड़ाते समय दो लोगों के छत से गिरने की घटना सामने आई थी। दोनों ही गिरने से घायल हो गए थे। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## दूसरी मंजिल से गिरी 3 साल की बच्ची, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के आजाद नगर में रहने वाली 3 साल की बच्ची की मंगलवार दोपहर अपने घर की दूसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। बच्ची को गंभीर अवस्था में पिता ने एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने रात के समय दम तोड़ दिया।**

पुलिस के मुताबिक, मृतक बच्ची कनक की पहचान सरवन मालवीय की बेटी के रूप में हुई है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, कनक खेलते हुए बालकनी के पास पहुंच गई और इसी दौरान वह नीचे गिर गई। हादसे के समय बच्ची की मां कविता बालकनी में कपड़े सूखा रही थीं, और उनकी नजर बच्ची पर नहीं पड़ी, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

### पिता ने नहीं कराया पोस्टमॉर्टम

कनक के पिता पेशे से मैकेनिक हैं और परिवार पिछले तीन साल से इंदौर में किराए के मकान में रह रहा था। परिवार में पत्नी, एक छह साल का बेटा कान्हा और कनक के अलावा कोई और सदस्य नहीं है। पिता ने इस हादसे के बाद पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है, शव को एमवाय मॉर्चुरी में रखवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त कनक के पिता अपने काम पर गए हुए थे, और आसपास के लोगों ने उन्हें घटना की सूचना दी थी। कनक का परिवार यहां किराये से रहता है। वह मूल रूप से आगर जिले के रहने वाले है।

## डंपर ने मारी टक्कर, बैंक कर्मचारी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कनाड़िया बैंक में पदस्थ एक कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि वह ऑफिस के काम के चलते कम्पेल जा रहे थे। इसी दौरान खुडैल रोड पर उन्हें एक डंपर ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां से उन्हें एमवाय भेजा गया।



एमवाय चौकी पुलिस के मुताबिक घटना खुडैल रोड की है। हार्दिक चौहान (30) निवासी यादव नगर अपनी बाइक से कम्पेल की तरफ जा रहे थे। देवगुराड़िया के समीप उनकी बाइक को एक डंपर ने टक्कर मार दी। जिसमें उनकी मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि हार्दिक एमपी ग्रामीण बैंक की कनाडिया ब्रांच में ऑफिस असिस्टेंट के पद पर कार्यरत थे। वह 2016 से बैंक में काम कर रहे हैं। सुबह बैंक के काम को लेकर निकले थे। हार्दिक अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटा भी है। हादसे की सूचना के बाद एमवाय अस्पताल में बैंक और परिवार के कर्मचारी पहुंचे थे।

## गोपाल मंदिर में हुई शादियों की होगी जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्राचीन गोपाल मंदिर में शाही शादी की अनुमति देने के मामले में मंदिर के मैनेजर केएल कौशल को बर्खास्त कर दिया गया है। कमिश्नर दीपक सिंह ने इस मामले में डिप्टी कलेक्टर विनोद राठौर को भी प्रभारी पद से हटाकर जिला कलेक्ट्रेट में अटैच किया है। राठौर का प्रभार खुडैल एसडीएम गोपाल वर्मा को सौंपा गया है। जांच में पुरानी तारीखों में दी गई शादी की अनुमतियों की भी पड़ताल कराने की सिफारिश की गई है। अब तक की जांच के दौरान सामने आया है कि मंदिर में 10-15 लोगों के मांगलिक कार्य- बच्चों के नामकरण, जनेऊ, शादी आदि के लिए एक हजार रुपए तक किराया लिया जाता है। लेकिन जिस शाही शादी को लेकर सारी कार्रवाई हुई है, उसके लिए 25 हजार रुपए लेकर अनुमति दी गई थी। शादी वाले दिन जब लोगों को जानकारी लगी और आपत्तियां आई तो मंदिर मैनेजर ने तुरंत 75 हजार रुपए कैश जमा करा दिए। ये रुपए बैंक में जमा भी नहीं कराए गए थे। इसके अलावा पहले हुए आयोजनों की राशि भी समिति के बैंक खाते में जमा नहीं कराई गई है। कमिश्नर दीपक सिंह ने कहा गोपाल मंदिर की व्यवस्था और संचालन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति मंदिर संचालन से जुड़े बिंदुओं पर नई गाइडलाइन तैयार करेगी।

## मॉल में लगी आग, 2 करोड़ के ब्रांडेड कपड़े जले

**इंदौर।** एबी रोड स्थित हाई स्ट्रीट अपोलो मॉल में आग लग गई। मॉल में आग ब्रांडेड कपड़ों के शोरूम रेयर रैबिट में लगी, जो तीन महीने पहले ही खुला था। बताया गया है कि देर रात शोरूम में आग लगी, लेकिन किसी का ध्यान नहीं गया। शोरूम कर्मचारियों के अनुसार, इस आग से शोरूम में रखे करीब 2 करोड़ रुपये के कपड़े जलकर खाक हो गए। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि एक दिन पहले ही 30 लाख रुपये के नए कपड़े शोरूम में आए थे। सुबह सफाई के लिए पहुंचे शोरूम कर्मचारियों ने धुआं देखा और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। तब तक शोरूम में रखा दो करोड़ रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दमकल मौके पर पहुंची, लेकिन धुएं की अधिकता के कारण दमकलकर्मी अंदर नहीं जा सके।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक